आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ पर्व और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर जाएंगे।
- संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा।
- मत्स्य विभाग की ओर से 15 और 16 जनवरी को "आईलैंड सीफूड फेस्टिवल" का आयोजन किया जाएगा।
- चाथम से डंडास पॉइंट के बीच चलने वाली वाहन फेरी सेवा को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री मोदी राजकोट, अहमदाबाद और गांधीनगर में प्रमुख विकास कार्यक्रमों और राजनयिक बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। सोमनाथ मंदिर की शाश्वत भावना वाला चार दिन का सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गुरुवार को गिर सोमनाथ जिले के वेरावल में शुरू हुआ। श्री मोदी आज शाम सोमनाथ पहुंचेंगे और सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्रोच्चारण में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व देश के उन वीर संतानों को याद करने का भी अवसर है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। कल, प्रधानमंत्री मोदी राजकोट भी जाएंगे। वहां वह मारवाड़ी विश्वविद्यालय में कच्छ और सौराष्ट्र के लिए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। श्री मोदी सम्मेलन में आयोजित व्यापार मेले और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। राजकोट से, प्रधानमंत्री अहमदाबाद जाएंगे, जहां वे सेक्टर 10ए से महात्मा मंदिर तक अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण के शेष भाग का उद्घाटन करेंगे। सोमवार को श्री मोदी अहमदाबाद में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता साबरमती आश्रम का दौरा भी करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। प्रगति ने प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर शासन व्यवस्था में क्रांति ला दी है। आज इस विशेष श्रृंखला में हम महिला और बाल विकास मंत्रालय की मातृत्व लाभ योजना – प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर एक नज़र डालेंगे।

<><><><><><><>

संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा। श्री रिजिजू ने बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठक आयोजित करने की मंजूरी दे दी है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रसार भारती के वेव्स प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर व्यापक सराहना मिली है और इससे पांच हजार करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय व्यापार हुआ है। कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए डीडी न्यूज़ पर नए प्लेटफॉर्म 'क्रिएटर्स कॉर्नर' का शुभारंभ करते हए उन्होंने कहा कि इस नई पहल का उद्देश्य रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ युवाओं को रचनाकार अर्थव्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद के सहयोग से, द्वीपसमूह में सीफूड संस्कृति और टुना क्लस्टर विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 और 16 जनवरी को मरीना पार्क में "आईलैंड सीफूड फेस्टिवल" का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य मछुआरों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों, शेफ, पर्यटकों और आम जनता को एक साझा मंच पर लाकर समुद्री भोजन की "महासागर से थाली तक" की यात्रा का अनुभव कराना है। 2026 के लिए थीम "सभी के लिए सुरक्षित, पौष्टिक और टिकाऊ समुद्री भोजन" पर केंद्रित है। इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव समुद्री भोजन खाना पकाने के प्रदर्शन, सार्वजनिक प्रतियोगिताएं, इंटरैक्टिव सत्र, पारंपरिक मछली नाव दौड़, और प्रतिष्ठित मिस्टर और मिस शेफ प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियां होंगी। उत्सव के दौरान, इच्छुक मत्स्य पालन संघों, उद्यमियों, मछली सहकारी समितियों, एक्वेरियम दुकानों, होटलों और रेस्तरां, महिला स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी

संगठनों आदि को विभिन्न मत्स्य पालन–संबंधित गतिविधियों, को प्रदर्शित करने के लिए स्टॉल आवंटित किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति और फर्म अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में 12 जनवरी तक को या उससे पहले मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र, मरीन हिल जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चाथम से डंडास पॉइंट के बीच चलने वाली वाहन फेरी सेवा MVF ऑस्टिन–III को प्रशासनिक कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप में तिरपनवें सुभाष मेला का आयोजन किया जाएगा। ये मेला नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के एक सौ उनतीसवें जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। तेईस जनवरी से उनतीस जनवरी तक आयोजित होने वाले इस मेले के दौरान परिसर में अस्थायी दुकाने लगाने के इच्छुक दुकानदार एवं सांस्कृतिक दल मेला समिति से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते है।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र में कल शाम 5.30 बजे से 6.30 बजे तक 'स्काई शो' आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बृहस्पति ग्रह और शनि ग्रह के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम जनता बृहस्पति ग्रह और उसके उपग्रहों को देखने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। स्काई शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 10 रुपये है। इसके अलावा, शाम छ बजकर पन्द्रह मिनट पर एक बबल शो और शाम साढ़े पांच बजे और छ बजकर दस मिनट पर विशेष 3 D शो होगा। बबल शो और 3D शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रति व्यक्ति 10 और 20 रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा योजना के तहत, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से नौ शैक्षिक क्षेत्रों के शिक्षकों के लिए गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में फाउंडेशन कोर्स पूरा कर चुके सामान्य शिक्षकों के लिए समावेशी शिक्षा' पर 3–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डाईट की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में समावेशी शिक्षा के लिए कौशल को बढ़ाने की दिशा में भाग लेने वाले शिक्षकों के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। इस दौरान मुख्य भूमि से आए शिक्षकों और अधिकारियों ने व्यक्तिगत सहायता रणनीतियों, और नियमित कक्षाओं में दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए।